प्रकीर्ण वाद संख्या–929/2019 (एम.ए.सी.पी. सं. 09/2018)
श्रीमती दीप्ति आदि बनाम श्रीमती संध्या शर्मा आदि,
20.7.2020

प्रार्थीगण/याचीगण श्रीमती दीप्ति आदि ने एम.ए.सी.पी. सं. 09/2018 श्रीमती दीप्ति आदि बनाम श्रीमती संध्या शर्मा आदि में पारित एवार्ड मुब. 6,37,000/– मय 7 प्रतिशत साधारण ब्याज को वापस प्राप्त करने के लिये यह 3B प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थनापत्र के समर्थन मे शपथपत्र 4 सी2 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें यह कथन किया गया है कि माननीय न्यायाधिकरण के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील लंबित नहीं है न ही माननीय उच्च न्यायालय से कोई स्थगन आदेश पारित हुआ है। प्रार्थनापत्र के अनुसार एवार्ड धनराशि मय ब्याज रु. **7,03,946**/– न्यायाधिकरण मे जमा कर दी गयी है। प्रार्थीगण विद्वान अधिवक्ता श्री इंद्रपाल सिंह ने बताया कि धनराशि न्यायाधिकरण के सिंडीकेट बैंक के खाते मे जमा है। एम.ए.सी.पी. सं. 09/2018 श्रीमती दीप्ति आदि बनाम श्रीमती संध्या शर्मा आदि की मूल पत्रावली भी तलब की गयी है जिसके अनुसार मुब. 6,37,000/– मय 7 प्रतिशत साधारण ब्याज का एवार्ड पारित किया गया है। एम.ए.सी.पी.सं.– 09/2018 के निर्णय के अनुसार समस्त राशि याचीगण को प्रदान की जानी है। प्रार्थीगण/याचीगण वर्चुअल न्यायालय के समक्ष उपस्थित आये। प्रार्थीगण/याचीगण ने अपनी–अपनी पास बुक की छाया प्रति भी पत्रावली पर दाखिल की है। मेरे विचार से प्रार्थीगण/याचीगण उक्त धनराशि मय अब तक के समस्त ब्याज को न्यायाधिकरण के उक्त निर्णय के अनुसार पाने के अधिकारी हैं।

आदेश

सिंडीकेट बैंक, शाखा झोकनबाग, झांसी को आदेशित किया जाता है कि वह **एम.ए.सी.पी. सं. 09/2018** श्रीमती दीप्ति आदि बनाम श्रीमती संध्या शर्मा आदि, के प्रकरण में धनराशि का निम्न प्रकार वितरण करें–

प्रार्थी/याची	**धनराशि रुपयों मे**	**+ अर्जित ब्याज का %**	**अदायगी का तरीका**	**खाता संख्या**	**बैंक**	**IFSC**
1. श्रीमती दीप्ति	137000	21.50	RTGS/ NEFT	94010100937284	सर्व यू.पी. ग्रामीण बैंक शाखा बबीना, झाँसी	PUNB0SUPGB5
2. श्रीमती दीप्ति	166946	15.70	सावधि जमा में तीन वर्ष के लिये		किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में	
2. कु. शिवानी	150000	23.55	सर्वाधिक बहुमूल्यकारी सावधि जमा में वयस्क होने तक के लिये		किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में	
3. सिंघम	150000	23.55	सर्वाधिक बहुमूल्यकारी सावधि जमा में वयस्क होने तक के		किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में	

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2020.07.20 18:11:34 IST
Reason: Document Owner
Location: MACT JHANSI

			लिये			
4. श्रीमती कोशिया	50000	7.85	RTGS/ NEFT	005702200004170	जिला सहकारी बैंक शाखा बबीना, झाँसी	ICIC00ZSBLJ
4. श्रीमती कोशिया	50000	7.85	सर्वाधिक बहुमूल्यकारी सावधि जमा में तीन वर्ष के लिये		किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में	
कुल	**703946**	100				

उक्त निवेशों पर कोई ऋण नहीं दिया जायेगा और न ही उन्हें बन्धक किया जा सकेगा। उक्त अनुसार अनुपालन आख्या तीन दिन के अन्दर न्यायालय को प्रेषित की जाय तथा उपरोक्तानुसार एफ.डी.आर. न्यायालय में दाखिल की जाय। 3B प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.ए.सी.टी., झाँसी।